

## एक नजर में

### पोरवाल वार्ड की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं, 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन : पोरवाल युवा संगठन



**मंदसौर।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचा तथा जिला चिकित्सालय मंदसौर स्थित पोरवाल वार्ड की दुर्दशा एवं उपेक्षा को लेकर कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि समाज के भामाशाहों एवं दानदाताओं द्वारा जनहित एवं मरीजों की सुविधा के लिए निर्मित पोरवाल वार्ड को अस्पताल प्रशासन द्वारा वर्षों से उपेक्षित रखा गया है। मरीजों के उपयोग में आने वाला यह वार्ड आज कबाड़ सामग्री का केंद्र बनकर रह गया है, जो समाज की भावनाओं एवं दानदाताओं के योगदान का खुला अपमान है। प्रतिनिधिमंडल में समाज के वरिष्ठ रामगोपाल जी घाटिया( ऐरा वाले) रामगोपाल जी गुप्ता (इंजीनियर), देवेंद्र जी मरचया एडवोकेट नरेंद्र उदिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन,संजय पोरवाल, संजय धनोतिया, अजय धनोतिया, निलेश पोरवाल एवं पंकज पोरवाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।एडीएम महोदया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 7 दिवस के भीतर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।युवा संगठन ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समयावधि में पोरवाल वार्ड को मरीजों के उपयोग हेतु प्रारंभ नहीं किया गया और उसकी वर्तमान दुर्दशा समाप्त नहीं हुई, तो अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन समाजजनों के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगा। युवा संगठन का कहना है कि यह केवल एक भवन का विषय नहीं, बल्कि समाज की आस्था, भामाशाहों के सम्मान और जनसेवा की भावना का प्रश्न है। समाज की इस धरोहर को बचाने एवं पुन : जनहित में उपयोग सुनिश्चित करने के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा।

### मुख्यमंत्री की टिप्पणी के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ, डॉ. यादव को सदबुद्धि देने की कामना की



**मन्दसौर।** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में स्थानीय नेहरू बस स्टैंड स्थित श्री बड़े बालाजी हनुमान मंदिर में एक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में किया गया था।इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमान से मुख्यमंत्री को सदबुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दुर्गेशसिंह पटेल ने मुख्यमंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जिस तरह की भाषा का प्रयोग हमारे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय जीतू पटवारी के खिलाफ कर रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक संकीर्णता और हताशा को दर्शाता है। एक मुख्यमंत्री का पद गरिमा का होता है, लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री अपनी भाषा की मर्यादा पूरी तरह भूल चुके हैं। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की अभद्र और अमर्यादित टिप्पणियों के लिए हमारी संस्कृति में कोई स्थान नहीं है। ऐसा लगता है कि सत्ता के अहंकार में डूबी इस सरकार को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं रह गया है, इसीलिए विपक्ष की मजबूत आवाज को दबाने के लिए इस स्तर की बयानबाजी की जा रही है। हम गांधीवादी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने में विश्वास रखते हैं। इसीलिए आज हम सबने नेहरू बस स्टैंड स्थित श्री ब? बालाजी हनुमान मंदिर में एकत्र होकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया है। हमने संकटमोचन हनुमान जी से यही प्रार्थना की है कि वे मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को सदबुद्धि दें, ताकि वे सत्ता के मद से बाहर आएं और भाषा की मर्यादा के साथ-साथ प्रदेश की जनता और किसानों के कल्याण पर ध्यान दें। युवा कांग्रेस इस तरह की अमर्यादित राजनीति का पुरजोर विरोध करती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव जीवन चौहान, विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल यादव, विधानसभा महासचिव मुकेश धनगर, ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, संदीप दास, जितेंद्र धनगर, जीतू बैरागी, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष निहाल डाया, नितेश गुर्जर, ओमप्रकाश रालोटिया, सुधीर शर्मा, दीपक प्रजापति, अनिल पाटीदार, भाविक संचेती और प्रणय धाक? सहित अन्य कई युवा साथी उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री की टिप्पणी के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### अपना घर की बालिकाओं को दिया केक निर्माण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का प्रशिक्षण



**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में अनाथ आश्रम की बालिकाओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब अध्यक्ष हेमा हिंग? द्वारा बालिकाओं को केक बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अध्यक्ष हेमा हिंग? ने बालिकाओं को केक निर्माण की विभिन्न विधियों की जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। आपने बालिकाओं से कहा कि आज के इस दौर में हमारा सबसे ब?ा संकल्प आप सभी को न केवल शिक्षित, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। इनरव्हील क्लब हमेशा आपके सपनों को उ?ान देने और आपके हर कदम पर साथ ख? रहने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान क्लब ने बालिकाओं को केक बनाने वाली सामग्री एवं उपकरण भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर डाइटिशियन चारु गोयल ने बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाइजीन तथा मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं एवं उनके उचित निराकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मासिक धर्म से जु?ी भ्रांतियों को दूर करते हुए स्वच्छता अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। बालिकाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा केक निर्माण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को कौशल विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना था।

### समान नागरिक संहिता सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम - विनय दुबेला

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री विनय दुबेला ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल बताया है। श्री दुबेला ने कहा कि भारतीय संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में शामिल अनुच्छेद-44 देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की प्रेरणा देता है। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और पारिवारिक मामलों से संबंधित कानूनों में समानता स्थापित करना है, जिससे प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और समान न्याय प्राप्त हो सके।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में पिपलोदा से मंदसौर तक 80 किमी नंगे पैर चले शिक्षक गणेश मालवीय

**मंदसौर। शिक्षा का अधिकार अधिनियम ( आरटीई ) 2017 के संशोधन के तहत पुराने शिक्षकों पर थोपी जा रही टीईटी ( शिक्षक पात्रता परीक्षा ) के विरोध में देशव्यापी रोष पनप रहा है। इसी क्रम में रतलाम जिले के पिपलोदा से शिक्षक साथी श्री गणेश मालवीय 80 किलोमीटर की दूरी नंगे पैर पैदल तय कर भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर पहुंचे।**

31 मई को प्रात: 6 बजे पिपलोदा से रवाना होकर 1 जून को दोपहर 4 बजे मंदसौर पहुंचने तक उनके पैरों में गंभीर छाले और असहनीय पीड़ा हो गई थी, लेकिन देश के 25 लाख शिक्षकों के हक की लड़ाई के लिए उनका मनोबल कम नहीं हुआ। रास्ते में दलोदा से अध्यापक साथी भंवर सिंह परिहार भी नंगे पैर उनके साथ इस यात्रा में शामिल हुए। मंदसौर पहुंचने पर दोनों शिक्षकों ने भगवान श्री पशुपतिनाथ जी के दर्शन कर टीईटी परीक्षा से मुक्ति की प्रार्थना की। इस दौरान अध्यापक शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला मंदसौर द्वारा ग्राम कचनारा, दलोदा, फतेहग? और नया खे?ा सहित विभिन्न स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नई आबादी स्थित सांसद निवास पहुंची। यहाँ सांसद सुधीर गुप्ता को प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसका भूमिका अनिल सांखला ने प्रस्तुत की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून पारित हुआ था और 2017 के संशोधन में कक्षा 1 से 8 तक के सभी शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया।

इस नियम के कारण राज्य सरकारों द्वारा वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त उन शिक्षकों पर भी परीक्षा देने का दबाव बनाया जा रहा है, जिन्हें सेवा में 25 से 30 वर्ष हो चुके हैं। इस कानून के खिलाफ शिक्षक संगठन सुप्रीम कोर्ट गए थे, जहाँ न्यायालय ने संसद में पारित आईटीई 2009, 2017 के नियमों का हवाला देते हुए निर्णय दिया कि, आपको टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण



करना ही होगी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने परीक्षा पास करने की अवधि मार्च 2027 से ब?ाकर मार्च 2028 तक कर दी है एवं सभी राज्य सरकारों को वर्ष में दो बार टीईटी परीक्षा पास करने निर्देश भी दिया। शिक्षकों का तर्क है कि 50 से 55 वर्ष की आयु में टीईटी परीक्षा देना व्यावहारिक नहीं है। ये सभी शिक्षक शासन द्वारा निर्धारित योग्यताओं और चयन प्रक्रिया को पूरा करके ही नियुक्त हुए हैं और इनके प्रयासों से प्रदेश का शिक्षा परिणाम लगातार बेहतर हो रहा है। अत: आरटीई 2017 की धारा 23 में पुन: संशोधन कर वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस परीक्षा से स्थायी मुक्ति दी जाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद देश भर में टीईटी परीक्षा के विरोध में पहला शंखनाद रतलाम जिले के पिपलौदा से हुआ जहां से पदयात्रा मंदसौर जिला मुख्यालय पर पहुंची है।

ज्ञापन स्वीकार करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर पी?ा को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान तक अवश्य पहुंचाएंगे और देश भर के लाखों शिक्षकों को राहत दिलाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में रतलाम से आए श्री दीपक सुराणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पदयात्रा संयोजक अम्बाराम बोस सहित पुरी यात्रा में शुरू से साथ रहे पिपलौदा के शिक्षक साथी पवन पटवा, जितेन्द्रसिंह राठौर, ओमप्रकाश पोरवाल, विजेन्द्रसिंह राठौर, विनोद जैन, सुनील खैर, हृदेश राठौर और महिपाल सिंह भाटी भी मंदसौर आये।

इस पूरे आंदोलन और स्वागत कार्यक्रम में अध्यापक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री गजराज सिंह सिसोदिया, जिला संयोजक रोहित सिंह चौहान, गोविंदराम गहलोत, सुरेश भैंसावल, जिला महासचिव अनिल सांखला, चंद्रप्रकाश जैन, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा एवं समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष तेजसिंह पवार, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त व तृतीय श्रेणी कर्मचारी संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अशोक शर्मा और पेंशनर संघ के श्री सतीश नागर, मल्हारग? ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद खटो?, विनोद चौहान, दलोदा ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह आंजना, संरक्षक शांतिलाल ढडिंग, जितेन्द्र ठाकुर, महिला मोर्चा जिला प्रभारी श्रीमती विमलवाणी दुबे, सदस्य चंद्रावती राठौर, मंजू तोमर, ज्योति चौहान, सुशीला पालरिया, महेश सोलंकी, गोविंद माधव तिवारी, महेंद्र सिंह तोमर, मनोहर परमार, कैलाश राठौर, फरजान, नानालाल गायरी, खुमान सिंह भाटी, जगदीश परमार, मुकेश कुमार टेलर, बालमुकुंद सूर्यवंशी, भंवर सिंह पंवार (लसूडिया इला), चरणजीत पंवार, कैलाश चंद्र शर्मा, परसराम कापा?या सहित रतलाम के शिक्षक साथी रतलाम से शिक्षक साथी तृतीय वर्ग प्रांतीय सलाहकार दीपक सुराणा, संयुक्त मोर्चा रतलाम की जिलाध्यक्ष आराधना निगु?कर, विनेश राव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।




## बानीखेड़ी में आयुष्मान आरोग्य शिविर

**मन्दसौर। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ गोविंद सिंह चौहान एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. आर के द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन ग्राम बानीखेडी में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत बानीखेड़ी की सरपंच श्रीमती कृष्णा कुंवर द्वारा किया गया।**

सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर श्री विजय नागोरे द्वारा गांव में निक्षय वाहन के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया एवं स्क्रीनिंग करवाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा चेस्ट एक्सरे, वजन ,बीपी ,ब्लड शुगर ओर हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर में सेक्टर सुपर वाइजर श्री जगदीश परमार, आशा सुपरवाइजर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने सहयोग प्रदान किया गया।

## सीवरेज कार्य की कछुआ चाल और लापरवाही से वार्ड 26 के रहवासी बेहाल

**मंदसौर।** नगर के वार्ड क्रमांक 26 के अंतर्गत आने वाले सीतामऊ फाटक, चंद्रपुरा, बावड़ी कला, महावीर तीर्थकर कॉलोनी और वसंत विहार कॉलोनी में इन दिनों नागरिक एक बेहद गंभीर और कष्टदायक समस्या से जूझ रहे हैं। इस पूरे क्षेत्र में वर्तमान में अमृत 2.0 योजनान्तर्गत सीवरेज लाइन डालने का कार्य चल रहा है, लेकिन संबंधित ठेका एजेंसी की घोर लापरवाही और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह विकास कार्य अब स्थानीय रहवासियों के लिए ब?ी मुसीबत बन चुका है।

पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को बेरहमी से खोद दिया गया है, जिससे निकलने वाली काली मिट्टी अब सड़कों पर पसरी हुई है। हाल ही में हुई असमय वर्षा के कारण इस काली मिट्टी ने पूरी कच्ची बस्ती और कॉलोनियों के रास्तों को दलदल और कीच? के समंदर में तब्दील कर दिया है।



सोमवार को हुई बारिश से हालत यह हो चुकी है कि स?कों पर से पैदल गुजरना तो दूर, वाहनों के टायर भी इस कीच? में बुरी तरह धंस रहे हैं। स?कों पर जगह-जगह खुले और खतरनाक गड्ढे छो? दिए गए हैं, जिससे क्षेत्र में हर वक्त किसी गंभीर हादसे या जन-धन की हानि की आशंका बनी रहती है। रहवासियों का अपने घरों से बाहर निकलना तक दुश्वार हो गया है और उन्हें प्रतिदिन इस नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

इस पूरे मामले को लेकर वार्ड पार्षद संगीता शैलेंद्रगिरी गोस्वामी ने क?ा रुख अख्तियार किया है। पार्षद गोस्वामी ने बताया कि इस क्षेत्र की अविकसित कॉलोनियों में पूर्व में ब?ी मुश्किलों से डब्ल्यूबीएम (मुरम) रोड का निर्माण कराया गया था, ताकि नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो सके। लेकिन सीवरेज कार्य के नाम पर इस पूरी रोड को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर बर्बाद कर दिया गया है। पार्षद ने ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त कार्य का ठेका अहमदाबाद की पी.सी. स्नेहल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दिया गया है, जिसके कर्मचारी और जिम्मेदार लोग पूरी तरह से पाप काटने का काम कर रहे हैं। जब पीड़ित रहवासी और जनप्रतिनिधि ठेकेदार के लोगों से स?कों को सुधारने और मुरम डालने का आग्रह करते हैं, तो वे अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहते हैं कि उनका काम सिर्फ पाइप बिछाना है और वे आगे का कोई काम या स?क सुधार नहीं करेंगे।

पार्षद संगीता गोस्वामी ने नगरपालिका प्रशासन को भी आ? हाथों लेते हुए कहा कि पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस निर्माण कार्य की कोई मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं, जिससे ठेकेदार की मनमानी सातवें आसमान पर है। उन्होंने कलेक्टर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) से पुरजोर मांग की है कि आगामी बारिश से पूर्व इस गंभीर समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। सीवरेज के लिए खोदे गए रोड पर तुरंत मुरम डलवाई जाकर रोलर से रोड रेस्टोरेशन (सड़क सुदृढ़ीकरण) का कार्य युद्धस्तर पर करवाया जाए, ताकि स?क पूर्व की भांति सुचारू हो सके।

## भाजपा के 12 मंडलों की मासिक बैठकें संपन्न, संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन

- सकलेचा, दीक्षित, डंग एवं सिसौदिया सहित जिला पदाधिकारियों की सहभागिता



**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश एवं भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य के मार्गदर्शन में जिले के 12 मंडलों की मासिक संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायक हरदीपसिंह डंग, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया सहित जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दलौदा मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बूथ केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर की सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के मंत्र पर कार्य करते हुए बूथ समितियों एवं पन्ना प्रमुखों को अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान किया।

विधायक हरदीपसिंह डंग ने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक सशक्त एवं सक्रिय है। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसंपर्क बढ़ाते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचानी चाहिए। संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है।

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 5 जून से 21 जून तक विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में मंदसौर में आयोजित जिला कार्यशाला में इसकी विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है तथा सभी मंडलों को निर्धारित कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक संपन्न करना है।

बैठकों के क्रम में मल्हारगढ़ मंडल की बैठक नगर परिषद हॉल मल्हारगढ़, मेलखेड़ा मंडल की बैठक रूपसिंह महाराज परिसर मेलखेड़ा, कयामपुर मंडल की बैठक पंचायत भवन कयामपुर, सीतामऊ मंडल की बैठक नगर परिषद हॉल सीतामऊ, बसई मंडल की बैठक पंचायत भवन बसई, गरोठ मंडल की बैठक विधायक कार्यालय गरोठ, मंदसौर दक्षिण, मंदसौर उत्तर, मंदसौर ग्रामीण एवं मगरामाता मंडल की बैठकें जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर तथा सुवासरा मंडल की बैठक विधायक कार्यालय सुवासरा में आयोजित की गईं।

सभी बैठकों में जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

यह संस्करण समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु अधिक व्यवस्थित, संक्षिप्त और पेशेवर शैली में तैयार किया गया है।



## मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के बढ़ते कदम मंदसौर की ओर

**मन्दसौर।** दिगम्बर जैन मुनि अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज का चार ऐलक महाराज के साथ मनासा से मंदसौर की ओर विहार प्रारंभ हो गया है। मुनिश्री ने संघ सहित 2 जून को प्रात: 5.30 बजे मनासा से विहार प्रारंभ कर दिया। लगभग 11 किलोमीटर के पश्चात् महाग? में मुनिश्री की आहार चर्या सम्पन्न हुई। सायं काल 7 किमी विहार किया। विहार के दौरान रास्ते में मंदसौर से पहुंची युवाभक्तों की टीम, मुनिश्री के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे ब? रहे थे।

यह जानकारी देते हुए डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया महाराज श्री के मंदसौर प्रवास के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए मुनिश्री प्रणम्य सागर जी प्रवास समिति अध्यक्ष श्री जयकुमार ब?जात्या ने मंदसौर दिगम्बर जैन समाज के युवाओं की बैठक अभिनंदन नगर स्थित क्रिकेट टर्फ एरिया में आहूत कर युवा टीम को मुनिसंघ के विहार सहित अन्य कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपी। क्रिकेट टर्फ में लगभग 80 युवाओं ने एकत्र होकर मुनिसंघ के आहार, विहार, निहार व वैयावृत्ति की जवाबदारियां उठाने का संकल्प लिया।

मुनिश्री आज 3 जून को प्रात: नारायणग? पहुंचे, जहाँ प्रात: 9.30 बजे आहारचर्या होगी,वहां से आगे ब?ते हुए कल 4 जून गुरुवार को बही पार्श्वनाथ चौपाटी पर आपका मंगल प्रवेश होगा। मुनिश्री के साथ विहार के दौरान सर्वश्री जयकुमार ब?जात्या, नेमकुमार गांधी, भूपेन्द्र कोठारी, संजय दोशी मनीष सेठी, पंकज काटीवाल, संजय कोठारी, नितिन जैन, कमल विनायका, मोनू विनायका, सौरभ ब?जात्या, हैप्पी पाटनी, विनोद जैन, कीर्ति सेठी, कमल झांझरी, सौरभ विनायका सार्थक कोठारी अमितेश कोठारी आदि बड़ी संख्या में समाज के युवा श्रद्धालू मुनिश्री के साथ पद विहार में शामिल थे।

**एक नजर** | **मंदसौर निवासी राघव जैन ने दिल्ली में निभाया मानवता का फर्ज**

# दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र ने बचाई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान

**मंदसौर।** आज के दौर में जहां सड़क दुर्घटनाओं के बाद लोग अक्सर तमाशबीन बने रहते हैं, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र और मंदसौर निवासी राघव जैन ने मानवता, साहस और सामाजिक जिम्मेदारी का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मई 2026 को रात्रि लगभग 10:15 बजे नई दिल्ली के व्यस्ततम क्षेत्र कनॉट प्लेस में एक व्यक्ति सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके समीप एक टूटी हुई साइकिल पड़ी थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी और चालक मौके से फरार हो गया था।

घटना स्थल से अनेक वाहन और राहगीर गुजर रहे थे, लेकिन कोई भी घायल की सहायता के लिए नहीं रुका। घायल व्यक्ति दर्द से त?प रहा था और समय पर सहायता नहीं मिलने से उसकी जान को गंभीर खतरा था। इसी दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में इतिहास विषय के छात्र एवं मंदसौर (मध्यप्रदेश) निवासी राघव जैन वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना समय गंवाए तत्काल पुलिस सहायता हेतु डायल-100 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके



पर पहुंची। राघव जैन ने पुलिस का सहयोग करते हुए घायल व्यक्ति को सुरक्षित रूप से वाहन तक पहुंचाने में मदद की तथा मानवता का परिचय देते हुए उसके साथ अस्पताल तक गए। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के कारण घायल व्यक्ति को समय पर उपचार मिल सका और उसका जीवन बचाया जा सका।

> **युवाओं के लिए प्रेरणा बने राघव जैन**
>
> लगातार दो अलग-अलग अवसरों पर संकटग्रस्त लोगों की सहायता कर राघव जैन ने यह सिद्ध कर दिया है कि संवेदनशील नागरिक ही समाज की वास्तविक शक्ति होते हैं। उनका यह कार्य केवल मानव सेवा नहीं बल्कि सामाजिक चेतना, नागरिक कर्तव्य और मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**पहले भी बचा चुके हैं एक दिव्यांग अधिवक्ता की जान**-यह पहली बार नहीं है जब राघव जैन ने किसी जरूरतमंद की सहायता के लिए आगे ब?कर उदाहरण प्रस्तुत किया हो। इससे पूर्व 2 सितम्बर 2025 को अपने गृह नगर मंदसौर में भी उन्होंने एक दिव्यांग अधिवक्ता श्री दिनेश चौधरी को स?क पर असहाय अवस्था में गिरा हुआ देखा था। बारिश के कारण उनकी बैसाखियां फिसल गई थीं और वे उठ नहीं पा रहे थे। स?क पर तेज गति से गुजरते वाहनों के बीच वे भयभीत और असहाय थे। उस समय भी राघव जैन ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और आवश्यक सहायता प्रदान की थी। इस मानवीय कार्य के लिए उन्हें मंदसौर में सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया जा चुका है।

**सम्मान की उठी मांग**- सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने मांग की है कि दिल्ली पुलिस, दिल्ली सरकार तथा संबंधित प्रशासनिक संस्थाएं राघव जैन को उनके साहस, मानवता और उत्कृष्ट नागरिक कर्तव्य के लिए सम्मानित करें। उनका सम्मान न केवल एक युवा की प्रेरणादायक सोच को प्रोत्साहित करेगा बल्कि समाज में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने के प्रति सकारात्मक संदेश भी देगा।